अभियंता प्रमुख (कार्य प्रबंधन) का कार्यालय
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

पत्रांकः प0सं0 / वि0–02–18 / 2019 पटना, दिनांक–

प्रेषक,

अभियंता प्रमुख (कार्य प्रबंधन),
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

सेवा में,

सभी मुख्य अभियंता, (रा०उ०प० उपभाग सहित), प०नि०वि०, बिहार।
सभी अधीक्षण अभियंता, पथ अंचल (रा०उ०प० अंचल सहित), प०नि०वि०, बिहार।
सभी कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल (रा०उ०प० प्रमंडल सहित), प०नि०वि०, बिहार।

विषयः– पथ निर्माण विभाग, बिहार अन्तर्गत पथों के संधारण कार्य को विशिष्टियों के अनुरूप निष्पादित किये जाने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में पाया गया है कि विभाग अन्तर्गत कतिपय पथों के संधारण कार्य को निर्धारित विशिष्टियों एवं प्रक्रियाओं के अनुरूप नहीं किया जा रहा है तथा इसका वरीय स्तर पर संज्ञान लेते हुए निदेश प्राप्त हुए हैं कि पथों के संधारण कार्य को MORTH/IRC में निहित विशिष्टियों / प्रक्रियाओं का पालन करते हुए गुणवत्तापूर्वक किया जाए।

पथों में किसी प्रकार की पाई गई त्रुटियों का स्थल निरीक्षण कर इसके कारणों, आकार एवं Severity Levels आदि को आकलित कर वांछित Treatment किया जाना सुनिश्चित किया जाए। Potholes का Treatment नियमित आकार में Defect को काटकर वांछित Depth में इस प्रकार किया जाय कि पथ की बेहतर Riding Quality सुनिश्चित हो। Median, Shoulder आदि के संधारण पर विशेष ध्यान देने का निदेश प्राप्त हुआ है। पथ आस्तियों के मरम्मति / पेन्टिंग आदि का कार्य पूरी साफ–सफाई के उपरांत ही किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

High Embankment वाले पथांशों में सड़क सुरक्षा के दृष्टिकोण से नियमानुसार Crash barrier स्थापित करने का कार्य सुनिश्चित किया जाए। साथ ही Edges, Shoulders, Medians, Curbs, Railings आदि का संधारण उच्च मानकों के अनुरूप करते हुए पथों के किनारे एवं Divider पर अवस्थित हरियाली का भी संधारण सुनिश्चित किया जाए।

उक्त के आलोक में पथ आस्तियों के संधारण में किसी प्रकार की शिथिलता / उदासीनता की स्थिति में जवाबदेही तय करते हुए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

विश्वासभाजन
ह0 / –
(उमा कान्त रजक)

ज्ञापांकः प0सं0 / वि0–02–18 / 2019 दिनांक–

प्रतिलिपिः–अभियंता प्रमुख (मुख्यालय) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(उमा कान्त रजक)

ज्ञापांकः प0सं0 / वि0–02–18 / 2019 दिनांक–

प्रतिलिपिः–सचिव, पथ निर्माण विभाग के आप्त सचिव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –

(उमा कान्त रजक)

ज्ञापांकः प0सं0 / वि0–02–18 / 2019 दिनांक–

प्रतिलिपिः–माननीय मंत्री, पथ निर्माण विभाग के आप्त सचिव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –

(उमा कान्त रजक)

ज्ञापांकः प0सं0 / वि0–02–18 / 2019 3551 (E) दिनांक– 27/05/2026

प्रतिलिपिः–IT, Manager, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं विभागीय Website पर Upload करने हेतु प्रेषित।

25/5/26

(उमा कान्त रजक)